**S-327** Roll No. ……………………..

# MAHL–103

आधुनिक एवं समकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

प्रथम रश्मि का आना रंगिणि,

तूने कैसे पहचाना ?

कहाँ, कहाँ हे बाल-विहंगनि!

पाया तूने यह गाना ?

सोयी थी तू स्वप्न-नीद में
पंखों के सुख में छिप कर,
झूम रहे थे, घूम द्वार पर,
प्रहरी से जुगनू नाना।

अथवा

समरस थे जड़ या चेतन, सुन्दर साकार बना था।
चेतनता एक विलसती, आनन्द अखण्ड घना था।

2. 'निराला' के काव्य-सौष्ठव को निरूपित कीजिए।
3. छायावादोत्तर हिन्दी कविता की शिल्पगत विशेषताओं को समुद्घाटित कीजिए।
4. प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि के रूप में अज्ञेय का मूल्यांकन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भारतेन्दु की कविता में राष्ट्रीयता।
2. प्रसाद के काव्य में सौन्दर्य-चित्रण।
3. द्विवेदी युग की हिन्दी का भाषा-संदर्भ।
4. पंत-काव्य का क्रमिक विकास।
5. दिनकार के काव्य में युद्ध एवं शान्ति का स्वरूप।

6. मुक्तिबोध के काव्य में समाज-बोध।
7. केदारनाथ सिंह की कविता में लोकोन्मुखता।
8. महादेवी वर्मा की गीतियाँ।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. 'कविवचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक कौन थे ?
2. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आधुनिक काल को क्या नाम दिया है ?
3. हिन्दी खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है ?
4. 'पेशोला की प्रतिध्वनि' कविता की रचना किस कवि ने की है ?
5. 'द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र,
   हे स्रस्त ध्वस्त हे शुष्क शीर्ण,
   कविता की ये पंक्तियाँ किस कवि की और किस काव्यग्रन्थ से हैं ?

सही विकल्प चुनिए :

6. इनमें से कौन-सी कविता निराला की नहीं है ?
   (अ) भिक्षुक
   (ब) तोड़ती पत्थर
   (स) मेघ मैं
   (द) सरोज-स्मृति

7. 'असाध्यवीणा' के रचनाकार हैं :

(अ) मुक्तिबोध

(ब) अज्ञेय

(स) शमशेर

(द) श्रीकांत वर्मा

8. "नई कविता और गीत एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, वे एक-दूसरे के पूरक हैं।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(अ) रामदरथ मिश्र

(ब) वासुदेव सिंह

(स) गोपालदास नीरज

(द) हरिवंशराय बच्चन

9. 'तीसरा सप्तक' कब प्रकाशित हुआ ?

(अ) 1951 ई.

(ब) 1953 ई.

(स) 1959 ई.

(द) 1979 ई.

10. 'कुरुक्षेत्र' किस कवि की कृति है ?

(अ) केदारनाथ सिंह

(ब) हरिवंशराय बच्चन

(स) जयशंकर प्रसाद

(द) रामधारी सिंह 'दिनकर'